बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-231
02/05/2020

मुख्यमंत्री ने राज्यवासियों को जानकी नवमी की बधाई एवं शुभकामनाएँ दी

पटना, 02 मई 2020 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज जनक नन्दनी माता सीता के जन्मोत्सव 'जानकी नवमी' के अवसर पर माता जानकी का नमन करते हुये राज्यवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि माता जानकी की जीवन–गाथाओं से हमें त्याग, सेवा, संयम, प्रेम आदि जैसे गुणों को अपनाने की प्रेरणा मिलती है। उनका जीवन हमारे लिए एक आदर्श है।

मुख्यमंत्री ने अपील की कि वर्तमान में कोरोना वायरस के संक्रमण को देखते हुये प्रत्येक व्यक्ति का सचेत रहना नितान्त आवश्यक है। कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव का सबसे अच्छा उपाय सोशल डिस्टेंसिंग है। आप सब लोग घर के अंदर ही पूजा अर्चना करें, आपके सहयोग से ही इस महामारी से निपटने में सफलता मिलेगी।

******